>

Title: Need to open an IIT or IIM alongwith Central Agricultural Research Institute at Satna, Madhya Pradesh and to upgrade Chitrakoot Gramodaya Vishwavidyalaya in the State as Central University.

श्री गणेश सिंह (सतना) : मेरा लोकसभा क्षेत्र सतना जो कि मध्य प्रदेश में है, यहां से राष्ट्रीय राजमार्ग

क्र. 75 तथा इलाहाबाद से मुम्बई रेल मार्ग निकलते हैं,मेरा जिला औद्योगिक एवं कृषि प्रधान जिला है, लेकिन केन्द्र सरकार के उच्च शिक्षा से यह पूरा क्षेत्र वंचित है, केन्द्र सरकार ने अभी हाल ही में देश के सभी राज्यों में आई.आई.टी. एवं आई.आई.एम. संस्थान खोले जाने का निर्णय लिया है । मेरी आपके माध्यम से मांग है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में इन दोनों में से कोई एक संस्थान खोला जाये । इसके साथ-साथ केन्द्रीय कृषि अनुसंधान एवं रिसर्च सेंटर की स्थापना लंबे समय से इस क्षेत्र की मांग रही है । हमारे क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधन विशेष रूप से खनिज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है । इसके खोज एवं रिसर्च के लिए खनिज मंत्रालय का कोई न कोई बड़ा अनुसंधान केन्द्र खोला जाए, साथ ही चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाये । मेरा क्षेत्र विन्ध्य क्षेत्र है, जो कि अत्यंत पिछड़ा हुआ है और सतना विन्ध्य का प्रवेश द्वार है ।